# डेली वेज वर्कर्स की मदद कर रही है जैकलीन

कोरोना से जारी जंग के बीच बॉलीवुड अभिनेत्री और पूर्व मिस श्रीलंका जैकलीन फर्नांडीस डेली वेज वर्कर्स की मदद कर रही है। देश में लागू 3 मई तक के लॉकडाउन में रोजाना कमा कर खाने वाले लोगों के सामने रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए बड़ा संकट खड़ा हो गया है। जैकलीन ने डेली वेज वर्कर्स को फंड दिया है। इससे मुंबई की 2500 फैमिलीज को जरूरत का सामान मिलेगा। जैकलिन ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि जो लोग संक्रमित और परेशान हैं, अधिकारी उनकी मदद कर रहे हैं। कई लोग डरे हुए हैं जैसे कि दुनिया खत्म होने वाली है। उन्हें शायद पता नहीं है कि देखभाल करने के लिए स्पेशलिस्ट मौजूद हैं। जैकलिन सोशल मीडिया से लोगों को घरों में रहने के लिए भी कहती रही हैं।



# अमिताभ के बाद रणवीर बनेगे शहंशाह!

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह शहंशाह के रीमेक में काम करते नजर आ सकते हैं। चर्चा है कि टीनू आनंद फिर से शहंशाह बनाने का विचार कर रहे हैं। पहले इस बात की चर्चा थी कि इस बार भी अमिताभ बच्चन टाइटल रोल निभाएंगे। अब कहा जा रहा है कि शहंशाह में रणवीर सिंह को कास्ट किया जा सकता है। टीनू आनंद ने कहा,मैं शहंशाह का रीमेक बनाऊंगा। लेकिन कोरोना वायरस के प्रकोप को पहले खत्म होने दीजिए। यह अभी चरम पर पर है और इसलिए मैं यह नहीं बता सकता कि मैं रीमेक कब शुरू करूंगा और कब रिलीज करूंगा। स्टोरी में संशोधन होंगे जो आज के जमाने के अनुसार बनाई जाएगी। गौरतलब है कि वर्ष 1988 में प्रदर्शित टीनू आनंद निर्देशित शहंशाह में अमिताभ बच्चन, मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी ने मुख्य भूमिका निभायी थी। फिल्म की कहानी जया बच्चन ने इंदर राज आनंद के साथ मिलकर लिखी थी। शहंशाह में अमिताभ ने टाइटिल किरदार निभाया था। फिल्म का डायॅलोग रिश्ते में तुम्हारे बाप लगते हैं, नाम है शहंशाह आज भी लोगों के बीच लोकप्रिय है।

# शरद ने साझा किए अक्षय, अजय संग काम करने के अनुभव

अभिनेता शरद केल्कर आने वाले समय में लक्ष्मी बॉम्ब और भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया जैसी बॉलीवुड फिल्मों में महत्वपूर्ण किरदार निभा रहे हैं। उन्होंने इन फिल्मों में अक्षय कुमार, अजय देवगन और संजय दत्त जैसे अभिनेताओं संग काम किया है और उन्होंने इन कलाकारों संग काम करने के अपने अनुभव साझा किए हैं। शरद ने बताया, इन दोनों ही फिल्मों में सभी कलाकारों संग काम करने का अनुभव बहुत अच्छा रहा क्योंकि मैंने इनके साथ पहले भी काम किया है। भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया में मिस्टर दत्त के साथ मेरे कई अहम दृश्य हैं, मैंने उनके साथ भूमि में भी काम किया है। हम दोनों के बीच गजब की केमिस्ट्री है। वह मेरे साथ एक छोटे भाई जैसा बर्ताव करते हैं। शरद ने आगे कहा, अजय सर के साथ परिवार जैसा महसूस होता है और अक्षय सर के साथ मैंने हाउसफुल 4 में भी काम किया है। जब आप ऐसे लोगों के साथ काम करते हैं जिन्हें आप जानते हैं या पहले जिनके साथ काम कर चुके होते हैं, तब आप उनके साथ ज्यादा सहज हो जाते हैं और इसके साथ ही मैं उन सभी से उम्र में काफी छोटा हूं और सभी मेरे साथ बेहद अच्छे से पेश आए हैं। वे मेरे प्रति बेहद दयालु रहे हैं।

# बागवानी में अपना वक्त बिता रहीं पायल घोष

अभिनेत्री पायल घोष अपने क्वारंटाइन की अवधि के दौरान बागवानी कर वक्त बिता रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे बागवानी पसंद है। मैं जब बच्ची थी, तब अपने दादा-दादी के साथ मिलकर बागवानी करती थी और उसी दौरान वह मुझे कहानियां सुनाते थे और पूरा परिवार एक साथ नाश्ता करता था। बागवानी से जुड़ी मेरी कई अच्छी यादें हैं। जब से मैंने अभिनय में कदम रखा, मुझे इसके लिए वक्त नहीं मिला। उन्होंने आगे कहा, हालांकि अब मेरे पास बहुत वक्त है, तो मैंने इसे फिर से शुरू करने के बारे में सोचा। मेरे घर में विभिन्न प्रकार के पौधे हैं और मेरे कुछ दोस्तों ने इसे नर्सरी कहना शुरू कर दिया है, जो मुझे काफी अच्छा लगता है। पायल ने ज्यादातर दक्षिण भारतीय भाषाई फिल्म जैसे तेलुगू, कन्नड़ और तमिल फिल्मों में अभिनय किया है। उन्हें आखिरी बार 2017 में आई बॉलीवुड फिल्म पटेल की पंजाबी शादी में देखा गया था। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता ऋषि कपूर और परेश रावल भी थे।

# सोनाली बेन्द्रे ने इम्यूनिटी बढ़ाने के दिये टिप्स

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे ने इम्यूनिटी बढ़ाने के कुछ टिप्स सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं।

कैंसर से जिंदगी की जंग जीतने वाली सोनाली ने ना सिर्फ कैंसर की जंग का सामना किया है, बल्कि पूरी तरह फिट होकर अपने जीवन की गाड़ी को फिर पटरी पर ला खड़ा किया है।

सोनाली ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए इम्यूनिटी बढ़ाने के टिप्स बताए हैं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा है कि इस कठिन समय में हम सब जानते हैं कि मजबूत इम्यूनिटी के क्या मायने हैं, कैंसर से जूझने के दौरान मैंने इम्यूनिटी सिस्टम को बूस्ट करने के लिए काफी रिसर्च की, फिर मैंने एक उपाय की शुरुआत की जो कि अब आदत बन चुका है। यह स्टेप्स काफी सिंपल है और मैं आजमा चुकी हूं। टेस्ट कर चुकी हूं, कीमोथेरेपी के दौरान में इसकी वजह से इंफेक्शन से बची हूं और मुझे लगता है कि यह सीक्रेट फार्मूला उसके लिए कारगर साबित हुआ है। मैं आपसे शेयर कर रही हूं। उम्मीद करती हूं कि आप सब इसका उपयोग कर इसका फायदा उठा सकते हैं।

सोनाली ने जिन तीन स्टेप पर फोकस किया है उसमें पहला है भाप लेना, दूसरा एक गिलास गर्म पानी और तीसरे स्टेप में सोनाली पालक,अखरोट, आंवला, गाजर, हल्दी, अदरक, बादाम, दालचीनी, मुनक्का से भरी प्लेट दिखाती है और फिर उसे पीसकर उसका शेक बनाती है।

# मैं अपनी प्राकृतिक ऊर्जा, सुंदरता दिखाना पसंद करती हूं:अमृता प्रकाश



पटियाला बेब अभिनेत्री अमृता प्रकाश का कहना है कि वह त्वचा को स्वस्थ रखते हुए अपनी प्राकृतिक ऊर्जा और सुंदरता को बरकरार रखना पसंद करती हैं।

उनकी सुंदरता को अब उनके स्किन केयर ट्यूटोरियल में देखा जा सकता है, जो कि उन्होंने अपने प्रशंसकों के लिए ऑनलाइन पोस्ट करने शुरू कर दिए हैं।

वो कहती हैं, मैं ऐसी लड़की नहीं हूं जो बहुत अधिक मेकअप करना पसंद करती है। मैं अपनी त्वचा को स्वस्थ रखते हुए अपनी प्राकृतिक ऊर्जा और सुंदरता दिखाना पसंद करती हूं। सोशल मीडिया पर मुझे कई लोग आग्रह कर रहे थे, मुझसे पूछ रहे थे कि हम स्वस्थ त्वचा कैसे पा सकते हैं।

उन्होंने कहा, ब्लॉगर्स और मेक-अप कलाकारों के स्किन केयर वीडियो देखने पर, मुझे एहसास हुआ कि उनमें से अधिकांश लोग बहुत महंगे और फैंसी चीजें इस्तेमाल करने को कहते हैं। मेरी राय में, त्वचा की देखभाल इतनी महंगी नहीं है। इसके अलावा, मैं केवल ऐसे मेकअप और त्वचा की देखभाल करने वाले उत्पादों ही उपयोग करती हूं, जिनके कारण किसी जानवर को कोई नुकसान न पहुंचाया गया हो।

वो कहती हैं, निश्चित रूप से, हमें अपनी सतही जरूरतों के लिए जानवरों को पीड़ित करने की आवश्यकता नहीं है। मेरी नानी और मेरी मां दोनों में त्वचा बहुत अच्छी है। उनका रहस्य प्राकृतिक चीजों का उपयोग ही है। मैंने उनकी इस सोच और तरीके को अपनी त्वचा की देखभाल करने में शामिल किया है। मैं प्राकृतिक और जैविक उत्पादों के साथ घर के नुस्खे का बहुत उपयोग करती हूं।

# हमें बॉलीवुड में गाने के लिए पैसे नहीं मिलते : नेहा कक्कड़

बॉलीवुड को आंख मारे, ओ साकी, दिलबर और काला चश्मा सहित कई अन्य हिट गाने दे चुकी गायिका नेहा कक्कड़ ने कहा है कि फिल्म इंडस्ट्री में सिंगर्स को शायद ही कभी भुगतान किया जाता है। लोकप्रिय गायिका ने कहा, हमें बॉलीवुड में गाने के लिए बिलकुल भी पैसे नहीं मिलते हैं। दरअसल, होता यह है कि उन्हें लगता है कि यदि एक सुपर हिट गाना आएगा, तो गायक शो के माध्यम से कमाएंगे।

31 वर्षीय गायिका ने कहा, मुझे लाइव कॉन्सर्ट और अन्य स्थान से अच्छी रकम मिल जाती है, लेकिन बॉलीवुड में ऐसा नहीं है। हमें गाना गाने के लिए वे भुगतान नहीं करते हैं।



काम की बात करें, तो नेहा रैपर यो यो हनी सिंह के साथ एक गाने मास्को सुका में अपनी आवाज देंगी। गाना पंजाबी और रूसी भाषा का मिश्रण है और इसका रूसी भाग एकातेरिना सिजोवा ने गाया है।

नेहा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने भाई टोनी कक्कड़ के साथ खुद की तस्वीरें अपलोड कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

टोनी और नेहा ने एक साथ कार मेन म्यूजिक, धीमे-धीमे और कोका-कोला जैसे गाने गाए हैं।